## एक नजर में



### दी आक्सफोर्ड स्कूल में मनाया नेशनल डॉक्टर्स डे

**नवभारत सीहोर.** स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को नेशनल डॉक्टर्स डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. गगन नामदेव उपस्थित थे. डॉ. गगन नामदेव विद्यालय के पूर्व छात्र हैं. डॉ. बीना जे. कुरियन द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, कविता पाठ और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया. फैंसी ड्रेस में बच्चों ने डॉक्टरों की भूमिका को इतने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. डॉ. गगन नामदेव ने कहा कि बच्चों को डॉक्टर की भूमिका में देखकर उन्हें अपना बचपन याद आ गया.एक डॉक्टर को समय का पाबंद, ईमानदार और मेहनती होना चाहिए. उन्होंने यह भी भावुकता से कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूं, उसमें मेरे गुरुजन बीना मैडम और जॉली सर का बहुत बड़ा योगदान रहा है. प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि डॉक्टर होना केवल एक पेशा नहीं, बल्कि यह सेवा और ईमानदारी की मिसाल है. हमें गर्व है कि हमारे छात्र इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोगिया द्वारा किया गया. अंत में प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.



### अभियान के तहत स्व सहायता समूह ने रौपे पौधे

**नवभारत रेहटी.** ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वच्छता समूह की महिला सदस्यों द्वारा पौध रोपण किए गए. वहीं नप परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पौधारोपण किया गया. स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा, नगरपरिषद, पुष्प वाटिका, दशहरा मैदान सहित सार्वजनिक जगहों पर पौधे रोपे गए. नप अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल द्वारा समूह की प्रत्येक महिला को बरसाती किट वितरित की गई. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण मानव जाति का सर्वोपरि कर्तव्य है एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के माध्यम से आज हमने पर्यावरण को संरक्षण करने का संकल्प लिया है. पौध रोपण में राम गोपाल टेलर, गजराज सिंह पटेल, गजराज सिंह चौहान, शिवनंदन ठाकुर, राजीव शर्मा, भागीरथ मंडलोई, विनोद नागर, पिंटू मंगतानी, विनीत माहेश्वरी, ओमप्रकाश माहेश्वरी, डॉ कालूराम नगर, महेश हरियाले, नरेंद्र लो, सुमित चौहान, प्राची साहू, सीएमओ राजेंद्र यादव, जीवन सिंह चौहान, जगदीश चौहान जगदीश चौहान, अंजन चौहान उपस्थित थे.



### एफआईआर के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत भैरूंदा.** बीते दिनों मुंगावाली निवासी गजराज सिंह लोधी और उनके भाई ओरछा में अपने ऊपर बीती घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से आकर मिले और उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को अपनी पीड़ा से अवगत कराया जिस पर जीतू पटवारी ने प्रेस वार्ता पर पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सरकार को घेरा लेकिन इसी प्रेस वार्ता को मुद्दा बनाते हुए सत्ताधारी दल ने षड़यंत्रपूर्वक पीड़ितों को अपने साथ लेकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर थाने में शिकायत दर्ज कराई. इसी शिकायत को लेकर प्रदेश कांग्रेस में आक्रोश व्याप्त है. ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ की गई कार्रवाई का विरोध जताया. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवी सिंह थारोल ने बताया कि इस दौरान तीनों ब्लॉक कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.



### स्वास्थ्य शिविर में किया विद्यार्थियों का परीक्षण

**नवभारत बुधनी.** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. ट्राइडेंट ग्रुप चैयरमैन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख श्रीमती मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में कुल 165 छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सेवाओं का लाभ उठाया. जिनमें 30 छात्रा तथा 135 छात्रों की उपस्थित थीं.

### हरियाली महोत्सव पर होगा पौधारोपण

**नवभारत सीहोर.** एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों की वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मानसून की तैयारी के लिए निर्देश दिए गए. एक से 7 जुलाई तक सभी इकाईयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं. इस दिशा में सभी अधिक से अधिक कार्यवाही करते हुए लोगों को जागरुक के निर्देश दिए गए. त्यौहारों की तैयारी को दृष्टिगत रखते हुए मोहर्रम की तैयारी हेतु, रूट व्यवस्था देखना, सभी स्थानों पर व्यवस्था लगाने, प्रमुख लोगों की बैठक आयोजित करने, तथा इनके वॉलेंटीयर तैयार करवाकर आवश्यकता अनुसार उपयोग लेने के निर्देश दिए गए. सावन में कावड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. श्री शुक्ला कुबरेश्वरधाम में आयोजित होने वाले गुरू पूर्णिमा महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुए रूट व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बारिश को देखते हुए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुये संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें.

# अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे का अल्टीमेटम

## भोपाल नाका से कोतवाली चौराहा तक बनेगी टू लेन रोड, नपा दे चुकी है पूर्व में शताधिक लोगों को नोटिस



**सीहोर.** नपा के अमले द्वारा मंगलवार को कोतवाली चौराहा से भोपाल नाका तक अतिक्रमण हटाने के लिए लोगों को सख्त हिदायत दी.

- पांच करोड़ की लागत से बनेगी एक किलोमीटर लंबी सड़क
- काफी पूर्व में नपा ने लगाए थ मकानों पर लाल निशान

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर. आखिरकार भोपाल नाका से कोतवाली चौराहा तक बनने वाले टू लेन रोड़ का मार्ग प्रशस्त हो गया है. सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण को हटाने के लिए नपा द्वारा पूर्व में दिए गए नोटिसों के बाद अब मंगलवार को महज अगले 24 घंटे में अपने अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी गई है.**

आवागमन को आसान बनाने के लिए भोपाल नाका से कोतवाली चौराहा तक टू- लेन सड़क का निर्माण लंबे समय से प्रस्तावित है. कई माह पूर्व नपा द्वारा भोपाल नाका से कोतवाली चौराहे तक निर्माण कार्य में बाधक बनने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस थमाए जा चुके हैं. इसके अलावा मकानों व दुकानों के उन हिस्सों पर लाल निशान लगाए हुए अर्सा बीत गया जिन्हें तोड़ा जाना था, लेकिन हर बार बात नोटिस थमाने से आगे नहीं बढ़ी थी, लेकिन मंगलवार को एक बार फिर जिला प्रशासन के आदेश पर अमला सक्रिय हुआ. नपा के सहायक यंत्री विजय कोली, राजस्व विभाग के पटवारी संजय राठौर व अन्य कर्मचारी कोतवाली चौराहे पर पहुंचे. इस दौरान एक- एक अतिक्रमणकारी को उनके कब्जे हटाने को कहा गया. इसके लिए उन्हें महज 24 घंटे की मोहलत दी है. इसके पश्चात अमले द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा और इस पर होने वाला खर्च संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा.

नपा के सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि इस मार्ग को बनाए जाने से पहले अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्रवाई की जाएगी. उसके बाद सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक से फुटपाथ का निर्माण होगा और बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा. डिवाइडर पर लाइटिंग के साथ पेड़-पौधे भी लगाए जाएंगे.

### व्यस्ततम मार्ग होने के कारण टूलेन निर्माण जरूरी


कोतवाली चौराहा से भोपाल नाका तक के क्षेत्र में छोटे- बड़े वाहनों का काफी दबाव रहता है. इस क्षेत्र में कोचिंग सेंटर से लेकर अन्य व्यवसायिक गतिविधियां अधिक हैं. इसलिए सड़क पर कई बार जाम लगता है. नगर पालिका यहां पर दो चरणों में नोटिस दे चुकी है. सबसे पहले 75 लोगों को नोटिस दिए गए थे. इसके बाद 35 लोगों को बाद में अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस देकर कार्रवाई करने की बात कही गई. इसके बाद भी अभी तक लोगों ने इस रोड से अतिक्रमण नहीं हटाया है. अतिक्रमण हटने के बाद यह सड़क 11 मीटर चौड़ी बनेगी. भोपाल नाके से कोतवाली चौराहे तक अभी 9 मीटर चौड़ी सड़क है. अब यह सड़क 11 मीटर चौड़ी हो जाएगी. इससे आवागमन और आसान हो जाएगा.

### अतिक्रमण हटने के बाद निर्माण करेंगे

हमारे द्वारा पूर्व में दो बार भोपाल नाका से कोतवाली चौराहे तक सड़क निर्माण में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने के नोटिस दिए थे. मंगलवार को उन्हें अंतिम चेतावनी देकर 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने कहा है.

**विजय कोली,**
सहायक यंत्री, नगरपालिका

## सड़क हादसे में चालक की दर्दनाक मौत



**बुधनी.** थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 46 मिडघाट पर मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा घटित हुआ है जिसमें भोपाल की ओर से आ रहा गिट्टी से भरा डंपर टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पत्थरों से टकराकर पलट गया. हादसा इतना भीषण था जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चालक के शव को बाहर निकाला. चालक के शव को मर्चुरी में रखवा दिया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक सुनील आ. प्रेमनारायण ऊइके बरखेड़ा निवासी बताया जा रहा है. बुधनी थाना क्षेत्रांतर्गत मिडघाट के समीप सड़क हादसों का सिलसिला लगातार बना रहता है. आए दिन यहां भीषण सड़क दुर्घटनाएं घटित होती हैं और इनमें असमय लोग काल का शिकार बन जाते हैं. इसके बाद भी इन हादसों को रोकने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं.

## रोटरी क्लब के शिविर में 92 यूनिट रक्तदान

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान जागरुकता शिविर का आयोजन कार्यालय में जिला अस्पताल के सहयोग से किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र आर्य द्वारा किया गया.

इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय और इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय ने अतिथियों का सम्मान किया. उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है. खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बड़ सकती है. नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है. जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है. रक्तदान केन्द्र में करीब 92 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया. वहीं चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत डॉक्टरों का सम्मान किया गया. इस दौरान चिकित्सक डॉ. बीके चतुर्वेदी, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. गौरव ताम्रकार, आशुतोष शर्मा, एसआर गट्टानी, उमेश सक्सेना, अनेक न्यायाधीश, कपिल अग्रवाल, विपुल चांडक, अजय जैन, विपनेश जोशी, प्रणय साबू सहित रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के पदाधिकारी और सदस्य शामिल थे.

रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक के डॉ. सुधीर, प्रदीप जायसवाल, अंबर मालवीय, गोपाल राठौर, प्रियंका रघुवंशी, गायत्री मेवाड़ा, संजय पुष्पद, आदित्य, अंशु आर्य, जितेन्द्र डाबरिया आदि शामिल थे.

## मीटर के विरोध में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में लगाए नारे

- स्मार्ट मीटर लगने के बाद चार गुना अधिक आ रहे बिल
- जिले में तेजी से बढ़ रहा स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** विद्युत कंपनी के स्मार्ट मीटर को लेकर शहरी ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता भी काफी परेशान हो गए हैं. स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल की राशि में काफी बढ़ोत्तरी हो गई है. इसी से त्रस्त आकर ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और विद्युत कंपनी के खिलाफ नारे लगाकर अपने आक्रोश का इजहार किया.

नगर में विद्युत वितरण कंपनी अपने उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगा रही है लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिल सामान्य से काफी अधिक आ रहे हैं. इस बात को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है. आज बड़ी संख्या में नागरिक कलेक्टर कार्य में पहुंचे जहां बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर इस बात का विरोध किया गया है कि जो स्मार्ट मीटर है जिसके कारण उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बाहर पड़ रहा है. लोगों का कहना है कि बिजली विभाग में कुछ माह पहले ही मीटर बदले थे और अब बिजली विभाग द्वारा जो स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं लाइट बंद होने के बाद भी मीटर रीडिंग बताता रहता है और लाइट जलती रहती है. स्मार्ट मीटर का विरोध जिले में धीरे-धीरे बढ़ रहा था लेकिन आज लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है जिसमें बड़ी संख्या में शहरी और ग्रामीण नागरिकों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन किया है।

उल्लेखनीय है कि नगर में विद्युत वितरण कंपनी स्मार्ट मीटर लगा रही ह. लेकिन देखने में आ रहा है कि स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम कई घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लग रही है क्योंकि लोग उनको मना कर देते हैं जबकि अनेक लोगों के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं ऐसे में स्मार्ट मीटर लगाए जाने में मनमानी की जा रही है और उपभोक्ताओं से भेदभाव भी किया जा रहा है.

इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी की अधीक्षण यंत्री सुधीर शर्मा का कहना है कि बिना कारण विरोध किया जा रहा है.




## ई अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी, रखा उपवास

- एक जुलाई से अनिर्वाय कर दी है ई अटेंडेंस योजना
- विरोध जताते हुए उपस्थिति पंजी में किए दस्तखत

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** शासकीय विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू की गई है. 1 जुलाई से इसे अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया है, लेकिन पहले ही दिन से शिक्षक इसका विरोध कर रहे हैं. ई अटेंडेंस व्यवस्था के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया.

वर्ष 2018 से शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस लागू करने की शिक्षा विभाग की योजना सात साल बाद भी सफल नहीं हो पाई है. सात दिन के ट्रायल के बाद शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस 1 जुलाई से अनिवार्य की थी. खास बात यह है कि नियमित हाजिरी में सेवा पुस्तिका में विशेष उपलब्धि देने के आश्वासन के बाद भी शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस लगाने के लिए तैयार नहीं हैं. सोमवार को जिलेभर में ऑनलाइन अटेंडेंस को लेकर विरोध दर्ज किया गया. जिले की 1565 स्कूलों में पदस्थ करीब 7500 शिक्षकों ने विरोध दर्ज कराते हुए सोमवार को काली पट्टी बांधकर कार्य किया. यही नहीं प्रत्येक शाला से एक शिक्षक उपवास भी रहा. खास बात यह है कि जिन शिक्षकों ने सोमवार को एप डाउनलोड कर ऑनलाइन अटेंडेंस लगाना चाही उनके मोबाइल में नेट एरर बताते हुए पेज ही ओपन नहीं हुआ. ऐसे में वे भी अपनी उपस्थिति ऑनलाइन नहीं लगा सके. नई व्यवस्था सवे नाराज शिक्षकों का कहना है कि अन्य विभाग के कर्मचारियों को भी ऑनलाइन अटेंडेंस के लिए कहा जाए, जिसके बाद ही वे भी ऑनलाइन अटेंडेंस लगाएंगे.



### एप से अटेंडेंस में हैं अनेक खामियां

प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना ने बताया कि एप को एजुकेशन पोर्टल 3.0 से जोड़ा है जो आधार से लिंक है। लेकिन ग्रामीण अंचलों में अब भी मोबाइल नेटवर्क की परेशानी बनी हुई है। यही नहीं जिले में 40 से ज्यादा जनशिक्षक हैं। इनकी नियुक्ति दूसरी जगह है, अब जब ये मूल पदस्थापना स्थान पर नहीं होंगे तो अटेंडेंस कैसे लगेगी. यही स्थिति प्रेरकों की भी है. इन्हीं कारणों से शिक्षक संगठन इस प्रक्रिया का विरोध कर रहा है. उन्होंने बताया कि शासकीय शिक्षक संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी संघ, राज्य शिक्षक संघ, शिक्षक कांग्रेस, एनओपीएस और आजाद अध्यापक संघ भी इस प्रक्रिया का विरोध कर रहा है और संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन किया जा रहा है.

### हमारा शिक्षक एप प्रॉपर ढंग से वर्क नहीं कर रहा

ऑनलाइन अटेंडेंस को लेकर अभी रिपोर्ट हमें देखने को नहीं मिल रही है, लेकिन यह बात सामने आई है कि कई जगह नेटवर्क काम नहीं कर पा रहा है तो कनेक्टिविटी नहीं हो पा रही है. जिसके कारण अटेंडेंस नहीं लग पा रही है. कई स्कूलों के प्राचार्य ने इस संबंध में जानकारी दी है। नेटवर्किंग के साथ हमारे शिक्षक एप भी प्रॉपर तरीके से वर्किंग नहीं कर रहा है. इसके अलावा अगर नेटवर्क की समस्या है तो उसका भी समाधान निकलेगा. विरोध किसी समस्या का समाधान नहीं होता है.

**संजय सिंह तोमर,** जिला शिक्षा अधिकारी, सीहोर

## जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनीं

**सीहोर.** मंगलवार को जन सुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए 89 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए. जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता जैसे आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह आदि मौजूद थे.

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेला 8 को

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 8 जुलाई को महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा. इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किए जाएंगे. मेले में आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं को अप्रेन्टिसशिप के लिए चयन किया जाएगा.

**पौधरोपण** जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर वृहद स्तर पर किया पौधरोपण

## 100 एकड़ वनभूमि पर 12 हजार से अधिक पौधों को किया रोपित

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा.** जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर आष्टा जनपद में ग्राम सिद्दीकगंज में आजीविका मिशन के तहत संचालित संगम संकुल स्तरीय संघ सिद्दीकगंज द्वारा वृहद सामुदायिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों कर्मचारियों ने वन भूमि पर लगभग 2 हजार बांस के पौधे तथा 10 हजार सीताफल के बीज रोपित किए. अभियान के समापन अवसर पर रोपित किए गए ये बांस के पौधे लगभग चार से पांच साल में तैयार हो जाएंगे. इससे स्वयं सहायता समूहों की अनेक महिलाओं को स्वावलंबी बनने रोजगार भी मिलेगा.

पर्यावरण संरक्षण और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आष्टा जनपद के ग्राम सिद्दीकगंज स्थित लगभग 100 एकड़ की वनभूमि पर जनपद पंचायत द्वारा मनरेगा योजना के तहत मॉडल तैयार कर पौधरोपण कराया जा रहा है. इस मॉडल के अंतर्गत 100 एकड़ वनभूमि पर के छोटे-छोटे भूमि क्षेत्र बनाकर उनके बीच में एक गड्ढा (वाटर रिचार्ज) बनाया गया है. जिसमें वर्षा का जल एकत्रित होगा. इस गड्ढे के आसपास समान दूरी पर बांस, सीताफल, नीम, अश्वगंधा, क्रिकोड़ा आदि के पौधे रोपित किए जा रहे हैं. इससे वर्षा का जल भूमि में भी समाहित होगा और इन पौधों को भी पानी मिलता रहेगा. इस मॉडल के तहत पेड़ लगाने से जल का संवर्धन और पर्यावरण का संरक्षण तो होगी ही बल्कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे.

इस भूमि पर बालाकुआ और कटंग प्रजाति के बांस के पौधे रोपित किए गए हैं जो लगभग 4 से 5 साल में ही तैयार हो जाते हैं। इन बांसों की फर्नीचर से संबंधित उद्योगों में काफी मांग होती है।



इसी प्रकार इस भूमि पर रोपित किए गए सीताफल के बीजों से जब सीताफल के पेड़ तैयार होगे तो वे भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए रोजगार और आजीविका के अनेक अवसर उपलब्ध कराएंगे इसके साथ ही पर्यावरण का संरक्षण भी होगा.

कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, जनपद सीईओ अमित व्यास आदि ने पौधरोपण किया.